राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर– 302018
Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur - 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in
Tel. : 0141-2552796

क्रमांक: F6(632)RSSB/IT/LTAR/2020/850 दिनांक:– 06/10/2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान, जयपुर के लिये राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम, 1985 यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 के अन्तर्गत लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के पदों पर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उक्त भर्ती के संबंध में लैब टेक्नीशियन पद के गैर अनुसूचित क्षेत्र के योग्य अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण बोर्ड के आदेश क्रमांक F6(632)RSSB/IT/LTAR/2020/44 दिनांक 09.03.2021, F6(632)RSSB/IT/LTAR/2020/269 दिनांक 30.07.2021 तथा F6(632)RSSB/IT/LTAR/2020/429 दिनांक 12.08.2021 द्वारा क्रमशः 15, 228 व 283 अभ्यर्थियों को वरीयतानुसार श्रेणीवार दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया था जिसमें से कुल 281 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

बोर्ड द्वारा उक्त अनुपस्थित अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु एक अंतिम अवसर देते हुये कार्यालय आदेश क्रमांक F6(632)RSSB/IT/LTAR/2020/510 दिनांक 21.09.2021 द्वारा दिनांक 29.09.2021, 30.09.2021 को कार्यालय समय पर **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, कृषि अनुसंधान केन्द्र परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर** में विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिये निर्देशित किया गया था।

उक्त आदेश में अंकित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता हैं कि वे दिनांक **14.10.2021** तक कार्यालय समय पर **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, कृषि अनुसंधान केन्द्र परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर** में पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें।

सचिव